**सुविचार**

संघर्ष ही जीवन का सार है। इसके बिना कोई सफलता नहीं मिलती।

दैनिक
# पंचकूला ऑब्जर्वर
सच के साथ, समाज के साथ




वर्ष : 1 | अंक : 51 | पंचकूला। शनिवार, 28 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4

## एक नजर

### पीएम मोदी 31 मार्च को बनासकांठा में कई प्रोजेक्ट की देंगे सौगात

**बनासकांठा, 27 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मार्च को गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे, जिनमें बनासकांठा जिले के अंबाजी और आसपास के आदिवासी इलाकों के लिए एक बड़ी पेयजल योजना भी शामिल है। यह अंबाजी पेयजल परियोजना करीब 141 करोड़ रुपए की है। इसके पहले और दूसरे चरण का उद्घाटन किया जाएगा। इस योजना से अंबाजी शहर और 34 गांवों के लगभग 78,000 लोगों को फायदा होगा। यह योजना डांटा और अमीरगढ़ तालुका के गांवों को कवर करती है।

### दिल्ली ब्लास्ट : एनआईए को जांच के लिए मिला 45 दिन का और समय

**नई दिल्ली, 27 मार्च।** दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए भीषण ब्लास्ट मामले में जांच को आगे बढ़ाने के लिए अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को 45 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। पटियाला हाउस कोर्ट की एनआईए अदालत ने यह समय एजेंसी की मांग पर बढ़ाया है। एनआईए ने दूसरी बार कोर्ट से समय बढ़ाने की अपील की थी, जिसे शुक्रवार को मंजूरी मिल गई।

### रुपया 94.7 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारतीय रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.7 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और एनर्जी सप्लाई चैन में आई रुकावटों के कारण भारतीय रुपए में यह गिरावट दर्ज की गई। पिछले एक महीने में ही रुपया करीब 4त टूट चुका है, जबकि इस फाइनेंशियल ईयर 2025-26 में इसमें 10त से ज्यादा की गिरावट आई है। यह पिछले 14 सालों की सबसे बड़ी गिरावट है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म बर्नस्टीन की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ईरान जंग जारी रही तो रुपया जल्द ही 98 के स्तर तक जा सकता है। भारत का वित्त वर्ष अप्रैल से मार्च तक चलता है। मौजूदा आंकड़ों के मुताबिक, 14 साल में यह पहली बार है, जब रुपया एक ही साल में इतना ज्यादा गिरा है। इससे पहले साल 2011-12 में यूरोजोन संकट के दौरान रुपए में करीब 14त की गिरावट आई थी। वहीं, 31 मार्च 2025 से अब तक रुपया अपनी वैल्यू से 10त तक गिर चुका है।

# देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा, लेकिन टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करना होगा

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुख्यमंत्रियों को संदेश, मिडिल ईस्ट संकट पर हुई चर्चा

पंचकूला ऑब्जर्वर





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच हुई अहम वर्चुअल बैठक हुई। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने के खतरे को देखते हुए बुलाई गई यह बैठक करीब दो घंटे तक चली। इस बैठक में पीएम मोदी ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को साफ संदेश देते हुए कहा कि हमें टीम इंडिया की तरह काम करना है। साथ ही उन्होंने साफ कर दिया है कि मौजूदा संकट की वजह से देश में कोई लॉकडाउन नहीं लगेगा।

पीएम मोदी ने कुछ दिन पहले ही देश को आगाह किया था कि मिडिल ईस्ट का यह संकट भारत के लिए लंबी मुसीबतें खड़ी कर सकता है। केंद्र सरकार अपनी तरफ से हर मुमकिन कदम उठा रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन योजनाओं को कामयाब बनाने की असली जिम्मेदारी राज्यों के कंधों पर है। इसलिए, उन्होंने मुख्यमंत्रियों से अपील की है कि वे अपने-अपने राज्यों में ऐसी व्यवस्था करें जिससे आम आदमी की जरूरत की चीजों पर कोई आंच न आए। उन्होंने याद दिलाया कि जब देश संकट में होता है, तो केंद्र और राज्यों को मिलकर एक परिवार की तरह लड़ना पड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस स्थिति की तुलना ठीक 6 साल पहले आई कोरोना महामारी से की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह कोविड-19 के दौरान केंद्र और राज्यों ने %टीम इंडिया% बनकर काम किया था, आज फिर उसी जज्बे की जरूरत है। आपको याद होगा कि मार्च 2020 में जब पूरी दुनिया थम गई थी, तब पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों के साथ लगातार मीटिंग्स का सिलसिला शुरू किया था। उस वक्त पहली मीटिंग 20 मार्च 2020 को हुई थी, जिसके ठीक चार दिन बाद देश में तीन हफ्ते का लॉकडाउन लगा था। उस मुश्किल दौर में उन्होंने एक दर्जन से ज्यादा बार मुख्यमंत्रियों से बात की थी ताकि टेस्टिंग, ट्रैकिंग और इलाज में कोई कमी न रहे।

2021 में जब वैक्सीनेशन का दौर आया, तब भी पीएम मोदी ने संघीय ढांचे की मजबूती पर भरोसा जताया था। उन्होंने राज्यों पर वित्तीय बोझ कम करने के लिए 18 साल से ऊपर के सभी लोगों को मुफ्त वैक्सीन देने का एलान किया था। उन्होंने साफ कहा था कि वैक्सीन पर किसी भी राज्य सरकार को एक पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं है। उस समय राज्यों ने भी राजनीति से ऊपर उठकर केंद्र का साथ दिया था, जिसकी तारीफ पीएम मोदी ने खुद अपने एक लेख में भी की थी।

### पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10-10 रुपए घटी

देश में लॉकडाउन नसरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपए की कटौती कर दी है। पेट्रोल पर ड्यूटी ?13 रुपए प्रति लीटर से घटाकर ?3 रुपए, जबकि डीजल पर ?10 से शून्य कर दी गई है। एक्साइज ड्यूटी घटाकर पेट्रोल-डीजल के दामों को स्थिर रखा गया है। यूएस-इजराइल के साथ ईरान की जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर से बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे तेल कंपनियों को 30 रुपए प्रति लीटर तक घाटा हो रहा था। घाटा कवर करने के लिए तेल कंपनियां दाम बढ़ा सकती थीं। मुख्यमंत्रियों ने केंद्र सरकार के कदमों की सराहना की। उन्होंने तेल पर एक्साइज ड्यूटी घटाने और LPG आवंटन बढ़ाने के फैसले का स्वागत किया। साथ ही कहा कि उनके राज्यों में पेट्रोल, डीजल और LPG की पर्याप्त उपलब्धता है।

# 2.38 लाख करोड़ के हथियार खरीदेगा भारत, एस-400 और ड्रोन्स पर फोकस



पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की ताकत और मारक क्षमता को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए सरकार ने शुक्रवार को अपना खजाना खोल दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 2.38 लाख करोड़ रुपये के रक्षा प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी गई है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब देश अपनी सैन्य तैयारियों को आधुनिक और स्वदेशी बनाने पर सबसे ज्यादा जोर दे रहा है।

राजनाथ सिंह ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन प्रस्तावों को आवश्यकता की स्वीकृति मिल गई है, जो सेना, वायुसेना और कोस्ट गार्ड की युद्धक क्षमताओं को कई गुना बढ़ा देंगे। राजनाथ सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए यह भी बताया कि इस वित्तीय वर्ष में रक्षा सौदे और मंजूरियां अब तक के सबसे ऊंचे रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं।

मैदान-ए-जंग में बेहतर तालमेल के लिए हाई कैपेसिटी रेडियो रिले सिस्टम और हवाई खतरों से निपटने के लिए एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दे दी गई है। इतना ही नहीं, दुर्गम इलाकों में निगरानी रखने के लिए ऐसे ड्रोन खरीदे जा रहे हैं जिन्हें उ?ने के लिए किसी रनवे की जरूरत नहीं होगी। इससे सीमा पर चौबीसों घंटे पैनी नजर रखना और भी आसान हो जाएगा। वायुसेना के लिए भी यह बैठक किसी बड़े तोहफे से कम नहीं रही। पुराने हो चुके AN-32 और IL-76 मालवाहक विमानों की जगह अब नए मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट लिए जाएंगे। साथ ही, आसमान का सबसे बड़ा शिकारी माना जाने वाला रूसी मिसाइल सिस्टम स-400 भी वायुसेना के बेड़े में शामिल होगा, जो दुश्मन की मिसाइल या विमान को सैकड़ों किलोमीटर दूर ही ढेर कर देगा।



# नवरात्रि सफल आयोजन पर माता मनसा देवी निष्काम सेवा ट्रस्ट ने जताया आभार

पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** माता मनसा देवी निष्काम सेवा ट्रस्ट ने नवरात्रि पर्व के श्रद्धापूर्वक और सफलतापूर्वक संपन्न होने पर माता रानी का आभार व्यक्त किया। ट्रस्ट द्वारा माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड के निर्देशानुसार पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया गया।

ट्रस्ट के चेयरमैन संदीप गुप्ता ने बताया कि नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सेवा कार्यों को व्यवस्थित ढंग से संचालित किया गया। इसके लिए तीन शिफ्टों में लगभग 500 वालंटियर लगातार सेवा में जुटे रहे। वालंटियर्स ने लाइन मैनेजमेंट, मुंडन घाट, क्लॉक रूम और जूता घर सहित विभिन्न स्थानों पर 24 घंटे सेवाएं दीं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि सभी सेवाएं पूजास्थल बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही संचालित की गई और पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन व व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। ट्रस्ट के सदस्यों और वालंटियर्स के समर्पण के चलते श्रद्धालुओं को सुगम और शांतिपूर्ण दर्शन का अवसर मिला।

इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रधान संजीव कुमार, महासचिव राजकुमार गोस्वामी, कोषाध्यक्ष अशवनी खन्ना, सतपाल गर्ग, कुलदीप गुप्ता, सुरेश जायसवाल, संदीप कुमार, जितेंद्र गुप्ता, रामकुमार, देवेंद्र, अनिल गोयल, गुरप्रीत सिंह, परवीन, दिलबाग राय, त्रिवेणी, पवन कुमार और प्रवीण कुमार सहित अन्य सदस्यों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

इसके अतिरिक्त कालका स्थित काली माता मंदिर और चंडी माता मंदिर में भी सेवा कार्य किए गए, जहां शीला देवी और परविंद्र राणा ने श्रद्धालुओं की सेवा में योगदान दिया।

ट्रस्ट ने सभी वालंटियर्स, पूजास्थल बोर्ड और श्रद्धालुओं का सहयोग के लिए धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

# 145 करोड़ एफडीआर घोटाला मामले में रिलेशनशिप मैनेजर और बिचौलिया से आमने-सामने पूछताछ

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला।** नगर निगम की 145 करोड़ रुपये की एफडी में किए गए घोटाले में एसीबी बिचौलिए रजत के जरिए उन खाता मालिकों की तलाश में जुट गई है, जिनके बैंक अकाउंट में आरोपी ने 60 करोड़ से ज्यादा की रकम ट्रांसफर की। एसीबी की जांच में सामने आया है कि साल 2020 से 2025 तक रजत के दो खातों में घोटाले की यह रकम रिसीव हुई थी। कोटक महिंद्रा बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर कुलदीप सिंह राघव और रजत के बीच घोटाले को लेकर हुई सांठगांठ का पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि किन बैंक कर्मियों की बदौलत ये राशि किन खातों में ट्रांसफर की गई।

एसीबी ने इन तमाम पहलुओं की पड़ताल के लिए बीती देर रात को हिरासत में लिए गए आरोपी रजत को जिला अदालत में पेश किया, जहां अभियोजन पक्ष ने आरोपी से खातों का पता लगाने के लिए 10 दिनों के लिए पुलिस रिमांडकी मांग की थी, जिसका बचाव पक्ष के वकीलों विरोध किया। अदालत ने आरोपी को 6 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

अभी तक की पूछताछ में आरोपी से सामने आई जानकारियों के आधार पर एसीबी अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि एसीबी की सेक्टर 11 स्थित कोटक महिंद्रा बैंक में शुक्रवार को भी रिकॉर्ड की जांच जारी थी। सूत्रों का कहना है कि रिलेशनशिप मैनेजर कुलदीप से कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। वहीं नगर निगम से इस घोटाले के संबंध में रिकॉर्ड की पुष्टि की जा रही है।

यह मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। यह कार्रवाई हरियाणा सरकार के उस निर्देश के बाद की गई, जिसमें नगर निगम के फंड में पाई गई गड़बड़ियों की गहन जांच करने को कहा गया था। अधिकारियों के अनुसार, नगर निगम पंचकूला द्वारा रखी गई 16 फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) से जुड़े रिकॉर्ड में गंभीर अनियमितताएं पाई गई। इन एफडी की कुल राशि 145 करोड़ रुपये से अधिक थी, और इनकी मैच्योरिटी वैल्यू लगभग 158 करोड़ रुपये थी। इनमें से 11 एफडी, जिनकी कीमत लगभग 59.57 करोड़ रुपये थी, फरवरी 2026 में मैच्योर होने वाली थीं। हालांकि, बैंक ब्रांच द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक स्टेटमेंट न तो आपस में और न ही नगर निगम के आधिकारिक रिकॉर्ड से मेल खा रहे थे। एक खाते में एक बड़ी गड़बड़ी सामने आई, जहां 50 करोड़ रुपये से अधिक का अपेक्षित बैलेंस बैंक रिकॉर्ड में काफी कम पाया गया।

इसके अलावा, बैंक ने कथित तौर पर यह भी बताया कि कोई भी सक्रिय टर्म डिपॉजिट मौजूद नहीं था, जिससे शक और भी गहरा गया।

# ब्लूम्स ए प्ले स्कूल में ग्रेजुएशन डे समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पंचकूला।** ब्लूम्स ए प्ले स्कूल में ग्रेजुएशन डे समारोह बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई, जिससे पूरे माहौल में सकारात्मक और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

नन्हे-मुन्ने ग्रेजुएट्स ने अपने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। उनकी मासूम अदाओं और आत्मविश्वास ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय की सराहना की और बच्चों के सर्वांगीण विकास में स्कूल के योगदान की प्रशंसा की।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह रहा, जिसमें प्रत्येक बच्चे को उसकी उपलब्धियों के लिए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बच्चों के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ झलक रहा था। समारोह का समापन फोटो सेशन और जलपान के साथ हुआ, जिससे यह दिन विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए यादगार बन गया। स्कूल की डायरेक्टर रितु सिंह ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**कुदरत का कहर** — मलबा हटाने का काम जारी, 5 घायलों को सुरक्षित निकाला

# श्रीनगर-लेह हाईवे पर एवलांच, 7 की मौत, 12 से ज्यादा वाहन बर्फ में दबे

पंचकूला ऑब्जर्वर



**श्रीनगर, 27 मार्च।** लद्दाख के जोजिला दर्रा पर शुक्रवार को आए भीषण हिमस्खलन में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य घायल हो गए। यह हादसा श्रीनगर-लेह हाईवे के लद्दाख वाले हिस्से में हुआ, जहां कई वाहन 6 फीट तक बर्फ के नीचे दब गए।

शुरुआत में अधिकारियों ने किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं की थी, लेकिन राहत और बचाव अभियान के दौरान जब मलबे में दबे वाहनों को निकाला गया, तो उनमें से 6 लोगों के शव बरामद हुए। वहीं 5 घायलों को सुरक्षित निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हिमस्खलन दिन में अचानक आया, जिससे हाईवे पर चल रहे कई यात्री वाहन इसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद हाईवे को बंद कर दिया गया है और मलबा हटाने का काम तेजी से जारी है। 434 किलोमीटर लंबा श्रीनगर-लेह हाईवे सामरिक और पर्यटन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है, जो करीब 11,575 फीट ऊंचे जोजिला दर्रे से होकर गुजरता है। खराब मौसम और बर्फबारी के चलते यहां अक्सर आवागमन प्रभावित होता रहता है। इसी चुनौती से निपटने के लिए जोजिला दर्रे के नीचे एक टनल का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना के पूरा होने पर न सिर्फ लद्दाख को पूरे साल देश से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, बल्कि पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था और सेना की लॉजिस्टिक्स को भी बड़ा फायदा होगा।

### रोहतांग में बर्फबारी, शिमला में बूंदाबांदी

इधर, हिमाचल प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्र रोहतांग दर्रा में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी बर्फबारी हुई। राजधानी शिमला मे बूंदाबांदी हुई। ऊना में अधिकतम तापमान 31I6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शिंकुला दर्रा से मनाली-लेह मार्ग फोर बाई फोर वाहनों के लिए बीआरओ ने बहाल कर दिया है। कुल्लू और लाहौल घाटी में शुक्रवार सुबह मौसम खराब रहा। रोहतांग दर्रा के साथ ऊंची चोटियों में रुक-रुक कर बर्फबारी का दौर चला। दोपहर बाद धूप खिली। अटल टनल रोहतांग और जलोड़ी दर्रा होकर वाहनों की आवाजाही सामान्य रही।

#### अगले दो दिन का मौसम

**28 मार्च :** अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, सिक्किम में भारी बारिश की संभावना है।

**29 मार्च :** हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब और दिल्ली में 50-60kmph की रफ्तार से आंधी चलने की आशंका है। बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और उत्तराखंड में बिजली के साथ आंधी-तूफान की संभावना है।

मान सरकार ने व्यापारियों की 1,386 शिकायतों की समीक्षा, पी.एस.टी.सी. के माध्यम से समयबद्ध समाधान पर जोर

# सरकार व्यापारियों के लिए पारदर्शी शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत कर रही: चीमा

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां पंजाब राज्य व्यापारी आयोग (पी.एस.टी.सी.) की राज्य स्तरीय उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भगवंत मान सरकार एक सख्त, जवाबदेह और पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से व्यापारियों की शिकायतों का समयबद्ध समाधान प्रदान करने के लिए निर्णायक कदम उठा रही है।

पंजाब भर में आयोजित 256 बैठकों की प्रगति और 1,386 शिकायतों की समीक्षा करते हुए वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार ने व्यापारी समुदाय के साथ संरचित संवाद को संस्थागत रूप दिया है, एस.ओ.पी. के सख्त पालन को लागू किया है और हर स्तर पर स्पष्ट प्रशासनिक जिम्मेदारी तय करते हुए जमीनी स्तर पर समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करने के लिए तीन-स्तरीय पी.एस.टी.सी. ढांचे को सक्रिय किया है।

बैठक का मुख्य केंद्र शिकायतों की मास्टर सूची की गहन समीक्षा करना था, जो लंबित मामलों के समाधान और व्यापारिक समुदाय द्वारा उठाई गई नई चिंताओं को सक्रिय रूप से दर्ज करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पी.एस.टी.सी. के जमीनी स्तर के प्रभाव को रेखांकित करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, ÷राज्य भर में पहले ही 256 बैठकें सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी हैं। इस ढांचे का मुख्य उद्देश्य राज्य प्रशासन और व्यापारी समुदाय के बीच एक नियमित, संरचित और पारस्परिक रूप से लाभकारी संवाद को सुगम बनाना है। इस औपचारिक प्रणाली को मजबूत करके, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का उद्देश्य व्यापारियों को अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए एक अत्यंत पारदर्शी और जवाबदेह मंच प्रदान करना है।

इसके अलावा, बैठक में इन मुद्दों के सुव्यवस्थित प्रबंधन, दस्तावेजीकरण और समाधान के लिए जिला और उपमंडल स्तर पर स्पष्ट प्रशासनिक जिम्मेदारियां तय करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि सार्वजनिक जवाबदेही के लिए बैठकों के सभी रिकॉर्ड, तस्वीरें और शिकायतों के समाधान को तुरंत सरकारी पोर्टल पर अपलोड किया जाए।

बैठक के दौरान, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने पी.एस.टी.सी. के मजबूत तीन-स्तरीय ढांचे की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जो राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र स्तर पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। बैठक में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, जो पी.एस.टी.सी. के अध्यक्ष भी हैं, के साथ आबकारी एवं कर आयुक्त जतिंदर जोरवाल भी

## मान सरकार की तंबाकू टैक्स चोरी के खिलाफ कार्रवाई

# 1.5 करोड़ का बिना बिल का सामान बरामद, वसूली जारी

पंचकूला ऑब्जर्वर

चंडीगढ़। पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां बताया कि कर विभाग ने तंबाकू टैक्स चोरी पर अंकुश लगाने के लिए पूरे पंजाब में बड़े स्तर पर समन्वित प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट) अभियान शुरू किया है, जिसके तहत लगभग 1.5 करोड़ रुपये के बिना हिसाब-किताब (अनअकाउंटेड) सामान का पता लगाया गया है।

कार्रवाई के विवरण साझा करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया, सिगरेट, बीड़ी और अन्य संबंधित तंबाकू उत्पादों पर हाल ही में टैक्स दरों में वृद्धि के बाद विभाग को इस क्षेत्र में टैक्स चोरी की गतिविधियों में बढ़ोतरी की सूचना



मिली थी। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए अमृतसर, लुधियाना, पटियाला और जालंधर स्थित चार स्टेट इन्वेस्टिगेशन एंड प्रिवेंटिव यूनिट्स की टीमों को सक्रिय किया गया। इन टीमों ने आठ अलग-अलग स्थानों पर एक साथ छापेमारी की, जिनमें पांच रजिस्टर्ड कारोबारों और तीन बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे व्यवसायों की जांच की गई।

इनफोर्समेंट अभियान की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, लुधियाना और अमृतसर में बड़े स्तर पर गड़बड़ियां सामने आईं, जहां प्रवर्तन टीमों ने गुप्त स्टोरेज स्थानों और बिना हिसाब वाले स्टॉक की पहचान की। मुख्य दुकानों और उनसे जुड़े गोदामों की गहन जांच के दौरान भारी मात्रा में सामान बिना वैध बिल (इनवॉइस) के संग्रहीत और बेचा जा रहा था।

उन्होंने आगे बताया कि जब्त किए गए स्टॉक में भारत में निर्मित सिगरेट के लगभग 1.32 लाख पैकेट, बीड़ी के 18,472 पैकेट, जर्दा के 302 पैकेट, विदेशी सिगरेट के 13 पैकेट और 95 डिब्बे, विदेशी निर्मित हुक्का सामग्री के 148 पीस, 13,000 लाइटर और कूललिप के 18 पैकेट शामिल हैं।

वित्तीय आकलन के संबंध में मंत्री ने कहा, जब्त सामान पर लागू कानूनों के तहत जुर्माने के अलावा 50 लाख रुपये से अधिक की टैक्स देनदारी सख्ती से वसूली जाएगी। अब तक 12 लाख रुपये की राशि वसूल की जा चुकी है और आगे की वसूली की कार्रवाई तेजी से जारी है।

टैक्स चोरी के खिलाफ सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति को दोहराते हुए हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि टैक्स अनुपालन सुनिश्चित करने और राज्य के राजस्व की सुरक्षा के लिए ऐसे समन्वित प्रवर्तन अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने व्यापारियों को सख्त सलाह दी कि वे उचित दस्तावेज बनाए रखें और कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए नियमों का पूरी तरह पालन करें।

# शादी से पहले दूल्हे की मेडिकल जांच अनिवार्य करने के लिए की कानून बनाने की मांग

■ **सांसद मालविंदर सिंह ने संसद में शादी के बाद बढ़ते धोखे और घरेलू हिंसा का उठाया मुद्दा**

**चंडीगढ़/ दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद मालविंदर सिंह कंग ने देश की बेटी-बहनों की सुरक्षा को लेकर एक अत्यंत गंभीर और संवेदनशील मुद्दा उठाया। उन्होंने वर्तमान समाज में बढ़ते तलाक के मामलों और घरेलू हिंसा पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से विवाह कानूनों में कड़े सुधार करने की मांग की।

संसद को संबोधित करते हुए सांसद मालविंदर सिंह ने कहा कि आज हमारे देश में शादियाँ टूटने और घरों के बिखरने का सिलसिला लगातार ब? रहा है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि यह समस्या केवल पंजाब तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारत के परिवारों को अपनी चपेट में ले रही है। उन्होंने समाज के दोहरे मानदंडों पर प्रहार करते हुए कहा कि हम शादी से पहले लड़की की शिक्षा, चरित्र और पारिवारिक पृष्ठभूमि की बारीकी से जांच करते हैं, लेकिन जब बात लड़के की आती है, तो हम अपनी आँखें मूंद लेते हैं। शादी के बाद लड़को में सामने आने वाले नशा, गंभीर बीमारियाँ और आपराधिक प्रवृत्तियाँ अनगिनत जिंदगियों को बर्बाद कर रही हैं। कंग ने भारत सरकार और सभी राज्य सरकारों से इस दिशा में तुरंत कड़े कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने मांग की कि मैरिज सर्टिफिकेट जारी करने से पहले लड़के का डोप टेस्ट अनिवार्य किया जाए। विवाह से पूर्व लड़के के लिए मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट को कानूनी रूप से आवश्यक बनाया जाए।

# 21 जनवरी से हेल्पलाइन पर 590 सूचनाएं मिली, 63 मामलों में एफआईआर: गुरमीत

**एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 बड़ी सफलता के रूप में उभरकर सामने आई**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने संबंधी मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सोच को आगे बढ़ाते हुए 'गैंगस्टरों ते वार' अभियान ने एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल किए हैं और 21 जनवरी, 2026 को इसकी शुरुआत के बाद आम लोगों द्वारा इस अभियान को भरपूर समर्थन मिला है। इस पहल की सफलता के बारे में जानकारी देते हुए डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीआईजी) एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) गुरमीत सिंह चौहान ने आज यहां बताया कि इस हेल्पलाइन पर अब तक कुल 590 इनपुट प्राप्त हुए हैं। इनमें से 83 नशे से संबंधित, 35 जबरन वसूली से, 43 गैंगस्टरों से, 86 अवैध हथियारों से, 74 व्यक्तिगत दुश्मनी से, 13 डकैती/चोरी से, 11 भगोड़े अपराधियों (पीओज़)/ फरारों से और दो इमिग्रेशन धोखाधड़ी से संबंधित हैं, जबकि 97 मामलों को अन्य श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। इस संबंध में सफल उदाहरणों का हवाला देते हुए, जहां लोगों के सहयोग से जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को पकड़ने में मदद मिली, डीआईजी गुरमीत चौहान ने कहा कि इस अभियान में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लोगों द्वारा दी गई सूचनाओं/जानकारियों के आधार पर 63 एफआईआर दर्ज की गई और 26 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 21 प्रिवेंटिव डिटेंशन के मामले शामिल हैं।

लोगों से हेल्पलाइन का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील करते हुए डीआईजी ने नागरिकों को



पुलिस की आंख और कान÷ बनकर काम करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि लोग इस हेल्पलाइन पर केवल जबरन वसूली से संबंधित मामलों की ही नहीं, बल्कि किसी भी संदिग्ध गैंगस्टर, अपराधी या समाज विरोधी गतिविधियों की रिपोर्ट भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं आम लोगों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि पुलिस को जानकारी देने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। डीआईजी गुरमीत चौहान ने भोले-भाले युवाओं को थोड़े से पैसों का लालच देकर अपराध के लिए उकसाने वाले विदेशों में बैठे समाज विरोधी तत्वों के बारे में भी लोगों को सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि वे अज्ञात व्यक्तियों के लिए यूपीआई या अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए वित्तीय लेन-देन से परहेज करें। इसके अलावा उन्होंने अज्ञात स्थानों से पैकेज उठाने या छोड़ने के संबंध में भी लोगों को सावधान किया। उन्होंने आगे कहा कि विदेशों में बैठे अपराधी अवैध गतिविधियों के लिए हथियारों की खेप पहुंचाने हेतु 'डेड लेटर बॉक्स' का उपयोग कर रहे हैं।

अपराध के डिजिटल इकोसिस्टम पर की गई सख्ती के बारे में बताते हुए डीआईजी ने कहा कि एजीटीएफ द्वारा सोशल मीडिया पर समाज विरोधी गतिविधियों की निगरानी के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है।

# एस.सी. आयोग ने दलित छात्र को प्रवेश न देने के मामले में राजिंदर कॉलेज बठिंडा को किया प्रिंसिपल तलब

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने एक अनुसूचित जाति से संबंधित छात्र को राजिंदरा कॉलेज, बठिंडा में प्रवेश न दिए जाने के मामले का संज्ञान लेते हुए कॉलेज की प्रिंसिपल को तलब किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला एक अखबार में प्रकाशित खबर के माध्यम से आयोग के ध्यान में आया। इस पर कार्रवाई करते हुए आयोग ने राजिंदरा कॉलेज, बठिंडा की प्रिंसिपल को 1 अप्रैल 2026 को व्यक्तिगत रूप से आयोग के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# 3 महीनों में 30.51 लाख परिवार जुड़े, 292 करोड़ के मुफ्त इलाज से बना नया रिकॉर्ड: डॉ. बलबीर सिंह

**मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत बड़े स्तर पर जनस्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर एक नया मानक स्थापित किया है और 8 जनवरी 2026 को योजना की शुरुआत के बाद तीन महीनों के भीतर ही 30.51 लाख से अधिक परिवारों का पंजीकरण किया गया है और 292 करोड़ रुपये के मुफ्त इलाज को मंजूरी देकर पूरे देश में एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

इस योजना के क्रियान्वयन के पैमाने और गति के बारे में जानकारी देते हुए पंजाब के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि यह योजना तेजी से पंजाब के लाखों परिवारों को



वास्तविक वित्तीय राहत और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। पंजाब भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने बताया, इस योजना के तहत अब तक 30,51,325 लाभार्थियों का पंजीकरण किया जा चुका है और 1,77,097 मुफ्त उपचारों को मंजूरी दी गई है। इलाज की कुल स्वीकृत लागत 292 करोड़ रुपये है, जिसमें से 267 करोड़ रुपये पहले ही स्वीकृत किए जा चुके हैं। हमने 71,000 दावों का निपटारा कर दिया है और सूचीबद्ध अस्पतालों को 60 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। इस उपलब्धि के महत्व को रेखांकित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने हर मानक पर अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

उन्होंने कहा, यह पंजाब के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। चाहे पंजीकरण की बात हो, कवर किए गए परिवारों की संख्या हो या उपचार प्राप्त करने वाले मरीजों की संख्या—हर मामले में पंजाब पहले स्थान पर है। अस्पतालों को समय पर भुगतान का भरोसा दिलाते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि भगवंत मान सरकार ने बकाया भुगतान के लिए एक मजबूत प्रणाली विकसित की है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक के सभी बकाया 15 अप्रैल तक चुका दिए जाएंगे, जिससे किसी भी अस्पताल का एक भी रुपया बकाया नहीं रहेगा।

# अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल से जुड़े दो व्यक्ति गिरफ्तार

**अमृतसर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने सीमा पार से संचालित अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल से जुड़े दो आरोपियों को 10 विदेशी आधुनिक पिस्तौलों सहित गिरफ्तार कर इस मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है।

यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान रेशम सिंह निवासी खुशूपुरा, अमृतसर और मनप्रीत सिंह निवासी खवासपुर, तरनतारन के रूप में हुई है। बरामद किए गए पिस्तौलों में एक तुर्की निर्मित जिगाना पिस्तौल, एक ऑस्ट्रिया निर्मित ग्लॉक पिस्तौल, दो अमेरिका निर्मित बेरेटा पिस्तौल, पांच पीएक्स-5 पिस्तौल और एक चीन निर्मित नोरिन्को पिस्तौल सहित मैगजीन शामिल हैं।

# विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने 9 स्कूलों में इंटरैक्टिव फ्लैट पैनलों का किया उद्घाटन



**जीरकपुर।** पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही पंजाब शिक्षा क्रांति के तहत हलका डेराबस्सी के विधायक श्री कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा क्षेत्र के विभिन्न सरकारी स्कूलों में आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करवाते हुए इंटरैक्टिव फ्लैट पैनलों का उद्घाटन किया गया और इन्हें विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु समर्पित किया गया। इस तहत शहीद सूबेदार बलबीर सिंह सरकारी हाई स्कूल, डप्पर; सरकारी हाई स्कूल, हसनपुर; सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लड़कियां), गांव लालड़ू; सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल, लालडू मंडी; सरकारी हाई स्कूल, सरसिनी; सरकारी हाई स्कूल, रामगढ़ रुड़की; सरकारी हाई स्कूल, तसिंबली; सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल, हंडेसरा तथा सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्मार्ट स्कूल, रानी माजरा में पैनल स्थापित कर विद्यार्थियों को समर्पित किए गए।

विधायक रंधावा ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार किए जा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग और आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इंटरैक्टिव फ्लैट पैनलों से बच्चों की सीखने की रुचि बढ़ेगी और पढ़ाई और भी रोचक बनेगी, जिससे सरकारी स्कूलों की शिक्षा का स्तर और ऊंचा होगा।

## परवरिश का प्रभाव

क्या आप अपने बच्चे का भविष्य प्यार से संवार रहे हैं... या अपनी परवरिश के तरीके से अनजाने में उसे सीमित कर रहे हैं। पालन-पोषण केवल एक बच्चे को बड़ा करना नहीं है यह एक सोच को आकार देना, व्यक्तित्व का निर्माण करना और जीवनभर के निर्णयों को प्रभावित करना है। आपकी हर सीख, हर सीमा और हर भावना जो आप व्यक्त करते हैं, आपके बच्चे के जीवन में एक मौन पाठ बन जाती है। सख्त अनुशासन से लेकर कोमल मार्गदर्शन तक, पालन-पोषण के तरीके बच्चे की पहचान का पहला अध्याय लिखते हैं। असली सवाल यह नहीं है कि आप अच्छे माता-पिता हैं या नहीं बल्कि यह है कि आपकी परवरिश आपके बच्चे को कैसा इंसान बना रही है।माता-पिता को अक्सर बच्चे के जीवन का सबसे अनमोल उपहार माना जाता है, जिनका उसके विकास पर गहरा प्रभाव होता है। अनुशासन सिखाने से लेकर आत्मविश्वास बढ़ाने तक, माता-पिता का दृष्टिकोण बच्चे के चरित्र और भविष्य के व्यवहार को आकार देता है और यह बात कई शोधों द्वारा सिद्ध हो चुकी है। फिर भी, बहुत से लोग बिना अपने पालन-पोषण के तरीके पर विचार किए इस यात्रा की शुरुआत कर देते हैं, यह मानते हुए कि यह स्वाभाविक रूप से आ जाता है। वास्तव में, हममें से कई लोग अनजाने में वही तरीके अपनाते हैं जो हमने अपने बचपन में देखे होते हैं। हम यह समझ नहीं पाते कि बच्चों और किशोरों में दिखाई देने वाली कई भावनात्मक और व्यवहारिक समस्याओं की जड़ उनके पालन-पोषण के तरीके में छिपी होती है।पालन-पोषण के तरीके मुख्यतः अलग-अलग प्रकारों में बाँटे जाते हैं, जिनका बच्चों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर अलग-अलग प्रभाव पड़ता है।सत्तावादी पालन-पोषण (Authoritarian Parenting) इस शैली में माता-पिता सख्त अनुशासन और उच्च अपेक्षाओं पर जोर देते हैं, लेकिन भावनात्मक गर्मजोशी कम होती है। वे बच्चों से बिना सवाल किए नियमों का पालन करने की उम्मीद करते हैं और संवाद अक्सर एकतरफा होता है। गलतियों पर मार्गदर्शन के बजाय दंड दिया जाता है।ऐसे माहौल में पले बच्चे अक्सर आज्ञाकारी और पढ़ाई में अच्छे होते हैं, लेकिन उनमें आत्मविश्वास की कमी, चिंता और दबे हुए भाव देखने को मिल सकते हैं। समय के साथ वे या तो बहुत शर्मील हो सकते हैं या फिर विद्रोही स्वभाव अपना सकते हैं।संतुलित पालन-पोषण यह शैली अनुशासन और स्नेह के बीच संतुलन बनाती है। माता-पिता स्पष्ट नियम और अपेक्षाएँ तय करते हैं, लेकिन साथ ही प्यार, समझ और समर्थन भी देते हैं। बच्चों को अपनी बात रखने और निर्णयों में भाग लेने का अवसर दिया जाता है।इस प्रकार के पालन-पोषण में पले बच्चे आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और भावनात्मक रूप से संतुलित होते हैं। वे पढ़ाई और सामाजिक जीवन दोनों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं और उनका आत्म-सम्मान भी मजबूत होता है।उदार पालन-पोषण (Permissive Parenting) इस शैली में माता-पिता बहुत स्नेही और सहयोगी होते हैं, लेकिन अनुशासन कम होता है। वे बहुत कम नियम बनाते हैं और बच्चों को अपने फैसले खुद लेने की काफी स्वतंत्रता देते हैं जैसे खाने-पीने की आदतें, सोने का समय, पढ़ाई या स्क्रीन टाइम।ऐसे माता-पिता अक्सर एक सख्त मार्गदर्शक की बजाय दोस्त की भूमिका निभाते हैं।इसका परिणाम यह होता है कि बच्चों में आत्मविश्वास और सामाजिक कौशल अच्छे हो सकते हैं, लेकिन सीमाओं की कमी के कारण वे आवेगी, जिद्दी और आत्म-अनुशासन में कमजोर हो सकते हैं।हर पालन-पोषण शैली बच्चे के व्यक्तित्व और व्यवहार पर गहरा प्रभाव डालती है। कोई भी माता-पिता पूर्ण नहीं होता, लेकिन अपने पालन-पोषण के तरीके को समझना बहुत महत्वपूर्ण है। लक्ष्य यह नहीं है कि हम बच्चे के जीवन को पूरी तरह नियंत्रित करें या उसे पूरी तरह स्वतंत्र छोड़ दें, बल्कि ऐसा संतुलित वातावरण बनाना है जहाँ अनुशासन के साथ सहानुभूति और स्वतंत्रता के साथ मार्गदर्शन हो।अंततः, पालन-पोषण पूर्णता के बारे में नहीं, बल्कि जागरूकता के बारे में है। आज आप अपने बच्चे के साथ जैसा व्यवहार करते हैं, वहीं चुपचाप उसके कल के व्यक्तित्व को आकार दे रहा होता है।

***Ruchi Jain (M.sc Child Development)***

## बरिंदर कुमार गोयल ने सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की नई इमारत का किया शिलान्यास

# 20.16 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होगी आधुनिक सुविधाओं से लैस इमारत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़/लहरागागा।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लड़कियां), लहरागागा की 20.16 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली नई इमारत का शिलान्यास कर इस महत्वपूर्ण परियोजना की शुरुआत की।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार शिक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सरकारी स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नई इमारत के तैयार होने से छात्राओं को सुरक्षित और प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होगा।

उन्होंने बताया कि पहले इस स्कूल में स्थान की काफी कमी थी और मौजूदा भवन के कई हिस्सों को असुरक्षित घोषित किया जा चुका था, जिससे छात्राओं और स्टाफ को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अब नई इमारत को आधुनिक डिजाइन के अनुसार तैयार किया जा रहा है, जिसमें बड़े कक्ष, बेहतर वेंटिलेशन और रोशनी, भूकंपरोधी ढांचा तथा छात्राओं के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह परियोजना लगभग 7-8 महीनों में



पूरी कर ली जाएगी और क्षेत्र को एक मॉडल स्कूल मिलेगा।

मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि नई इमारत के तैयार होने के बाद स्कूल में मेडिकल, नॉन-मेडिकल और कॉमर्स धाराओं की पढ़ाई शुरू की जाएगी। इससे क्षेत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी।

उन्होंने आगे बताया कि इस परियोजना के तहत विज्ञान और कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, आधुनिक पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षाएं, खेल सुविधाएं और स्वच्छ सैनिटेशन व्यवस्था विकसित की जाएगी। छात्राओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी निगरानी सहित अन्य आवश्यक प्रबंध भी किए जाएंगे।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, ताकि हर वर्ग के बच्चों को समान और उच्च स्तर की शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों का बदलता स्वरूप इस बात का प्रमाण है कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में दूरगामी और प्रभावी निर्णय ले रही है।

इस मौके पर नगर परिषद लहरागागा की प्रधान और इस स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल श्रीमती कांता गोयल, एसडीएम राकेश प्रकाश सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी, स्कूल स्टाफ, छात्राएं और क्षेत्र के प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# डॉ. रवजोत सिंह बने पंजाब के नए जेल मंत्री, संभाला कार्यभार

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार में नए जेल मंत्री के रूप में डॉ. रवजोत सिंह ने आज पंजाब सिविल सचिवालय में अपने पद का कार्यभार संभाल लिया। इसके अलावा वे एनआरआई और संसदीय मामलों जैसे विभागों की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं।

कार्यभार संभालने के बाद डॉ. रवजोत सिंह ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान का तहे दिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें यह जिम्मेदारी देकर जो विश्वास जताया गया है। उन्होंने जेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें विभाग के चल रहे कार्यों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

# 11 वर्ष में 28 हजार 582 करोड़ की लागत से 1.719 हजार किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों का किया निर्माण : सीएम नायब

- मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा समाधान विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय आई.आर.सी सेमिनार का किया उद्घाटन

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़, 27 मार्च।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। ब्लैक स्पॉट की पहचान और सुधार, ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का आधुनिकीकरण, जागरूकता अभियान और नई तकनीकों का उपयोग के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को चंडीगढ़ में भारतीय सड़क कांग्रेस (आई.आर.सी) एवं लोक निर्माण विभाग हरियाणा द्वारा सड़क सुरक्षा समाधान विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन करने के पश्चात अपना संबोधन दे रहे थे। कार्यक्रम में हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री ने दीप प्रजवलित कर की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान रामनवमी और नवरात्रों की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में पिछले 11 वर्षों में 28 हजार 651 करोड़ रुपये की लागत से 43 हजार 703 किलोमीटर लंबी सड़कों का सुधार किया है। इसके साथ ही, 2 हजार 534 करोड़ रुपये की लागत से 2 हजार 417 किलोमीटर लंबी नई सड़कों का निर्माण आधुनिक तकनीक से किया गया है। इनके अलावा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रदेश में 1 हजार 77 करोड़ रुपये की लागत से 2 हजार 432 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जा चुका है। सरकार ने रेलवे ऊपरगामी व भूमिगत पुल बनाकर रेलवे क्रॉसिंग की समस्या से निजात दिलाई है। प्रदेश में कुल 759 रेलवे क्रॉसिंग हैं। इनमें से 592 मानव संचालित तथा 167 स्वचालित हैं। पिछले 11 वर्षों में लगभग 2 हजार करोड़ रुपये की लागत से 97 रेलवे ऊपरगामी व भूमिगत पुलों का निर्माण करवाया है। डबल इंजन सरकार ने हरियाणा में 21 नये राष्ट्रीय राजमार्ग स्वीकृत किए हैं। इनमें से 12 राजमार्ग बन चुके हैं। प्रदेश में पिछले 11 वर्षों में 28 हजार 582 करोड़ रुपये की लागत से 1 हजार 719 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है।

### नियम कितने भी अच्छे क्यों न हों, यदि उनका पालन नहीं तो कोई अर्थ नहीं

सड़क दुर्घटनाओं पर गंभीर चिंता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में हर वर्ष काफी संख्या में लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। इन दुर्घटनाओं के पीछे टूटे हुए परिवार, अधूरे सपने और समाज की अपूरणीय क्षति छिपी रहती है। इसलिए सड़क सुरक्षा केवल एक तकनीकी विषय न होकर सामाजिक, मानवीय और नैतिक जिम्मेदारी से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा का एक और महत्वपूर्ण पहलू है, यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता। नियम कितने भी अछे क्यों न हों, यदि उनका पालन नहीं किया जाएगा, तो उनका कोई अर्थ नहीं रह जाता। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, गति सीमा का पालन करना, ये छोटी-छोटी बातें हैं, लेकिन जीवन को बचाती हैं। उन्होंने कहा कि हमें स्कूलों, कॉलेजों और समाज के हर वर्ग तक सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ानी होगी। हमें इसके प्रति और गम्भीर होना होगा। क्योंकि, सड़क सुरक्षा ही जीवन सुरक्षा है।

## बैंक के बाहर बुजुर्ग की जेब से निकाले 50 हजार की ठगी

पंचकूला ऑब्जर्वर

**लाडवा, 27 मार्च।** लाडवा में महिला चोर गिरोह इस समय पूरी तरह से सक्रिय हो रहा है जो बैंक से पैसे निकालकर भीड़ का फायदा उठाकर पैसे चुरा लेते है। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को लाडवा में भी देखने को मिला है। जब बैंक के बाहर खड़े महिला गिरोह ने एक बुजुर्ग व्यक्ति की जेब से पचास हजार रुपए निकाल लिए। इससे पहले की महिलाएं पैसे लेकर फरार होती बुजुर्ग ने शोर मचा दिया की उसकी जेब से किसी ने पैसे चुरा लिए है। शोर सुनकर महिलाएं पैसे सड़क पर भागने लगी तो मौके पर लोगों ने महिलाओं को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

हरिकिशन नामक बुजुर्ग व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार को लाडवा के पी.एन.बी.बैंक से पचास हजार रुपए निकलवाकर बैंक से बाहर निकल रहा था। उसी समय बैंक के बाहर महिलाएं खड़ी थी। जब वह भीड़ से उन महिलाओं के बीच से होकर निकल रहा तो उनकी जेंब से किसी ने पचास हजार रुपए चुरा लिए। इससे पहले की वह महिलाएं चुराए गए पैसे लेकर फरार होती उसने शोर मचा दिया की उसकी जेंब से किसी ने पचास हजार चुरा लिए। शोर सुनकर महिलाएं मौके पर ही पचास हजार रुपए सड़क पर फैंककर भागने लगी, जिनको पास खड़े लोगों ने पकड़ लिया और लाडवा पुलिस को सुचित किया। सुचना मिलते ही लाडवा थानाध्यक्ष गुरनाम सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और पकड़ी गई महिलाओं को पुलिस थाना में ले आए। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो भी इस में दोषी होगा उसे किसी भी सुरत में बर्दाशत नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी मामले की जांच कर रहे है। जांच के बाद ही शिकायत पर मामला दर्ज किया जाएगा।

### हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने किए माता मनसा देवी के दर्शन, लिया आशीर्वाद

**चंडीगढ़, 27 मार्च।** हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर शुक्रवार को अपनी धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष के साथ पंचकूला स्थित ऐतिहासिक माता मनसा देवी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर पहुंचने पर उपायुक्त एवं माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य प्रशासक श्री सतपाल शर्मा ने राज्यपाल का स्वागत किया। मुख्य मंदिर में दर्शन करने के उपरांत राज्यपाल ने मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ में भाग लिया और आहुति अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कंजक पूजन भी किया तथा कन्याओं को भोजन करवाया।

# पीजीआईएमएस के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्रों की होगी जांच, अनियमितता पर दर्ज होगी एफआईआर : पंवार

### जिला परिवेदना समिति की बैठक में 16 में से 12 शिकायतों का मौके पर निपटारा, कई मामलों में जांच कमेटियां गठित

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़, 27 मार्च।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने पीजीआईएमएस द्वारा गत एक वर्ष के दौरान जारी किए गए जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्रों की जांच के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए है। यदि कमेटी की जांच में प्रमाण-पत्र जारी करने में कोई अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज करवाई जाए।

मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार रोहतक के स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए हाल में जिला लोक सम्पर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समिति के एजेंडे में 16 शिकायतें शामिल की गई थी, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया है तथा 4 अन्य शिकायतों को लम्बित रखते हुए जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। बैठक में रोहतक के विधायक श्री भारत भूषण बत्तरा, महम के विधायक श्री बलराम सिंह दांगी, मेयर श्री रामअवतार वाल्मीकि, जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री रणबीर ढाका व प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अजय बंसल, प्रदेश सचिव रेणु डाबला भी मौजूद थे। विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्णलाल पंवार ने स्थानीय फतेहपुर कॉलोनी निवासी मंजू विधवा अशोक की शिकायत की सुनवाई के दौरान पीजीआईएमएस द्वारा गत एक वर्ष के दौरान जारी किए गए जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्रों की जांच के लिए अतिरिक्त उपायुक्त, सिविल सर्जन तथा पीजीआईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक की समिति गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि समिति द्वारा जांच के दौरान जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में अनियमितता पाई जाए तो संबंधित के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज करवाई जाए। शिकायतकर्त्ता ने आरोप लगाया था कि उनके पति की मृत्यु के दो वर्ष बाद भी उन्हें मृत्यु प्रमाण-पत्र नहीं जारी किया गया है।

हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने स्थानीय शिव विहार निवासी रविन्द्र सिंह की शिकायत की सुनवाई करते हुए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गली के बीच में अनाधिकृत रूप से बनाए गए व्यक्तिगत सेप्टिक टैंक को तुरंत हटवाए। उन्होंने गांव कटेसरा निवासी विनोद कुमार की शिकायत की सुनवाई करते हुए निशानदेही के लिए एसडीएम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी एवं तहसीलदार की कमेटी गठित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कमेटी आगामी बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उन्होंने गांव बहुअकबरपुर निवासी कपूर सिंह सूबेदार की शिकायत की सुनवाई करते हुए उपमंडलाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार पंचायती भूमि पर अवैध कब्जे को हटवाने बारे कार्रवाई की जाएगी।

विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने स्थानीय सैनिक कॉलोनी निवासी गीता की शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी निरीक्षण कर यह पता लगाएगी की संबंधित फैक्ट्री द्वारा नियमों का उल्लंघन तो नहीं किया जा रहा है। उन्होंने गांव निंदाना निवासी रानी की शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि एलडीएम द्वारा पुलिस को जांच रिपोर्ट सौंपी जाएगी, जिसके अनुसार शिकायतकर्त्ता को पुलिस द्वारा न्याय दिलवाया जाएगा। उन्होंने स्थानीय गीता कॉलोनी व नगर कॉलोनीवासियों की शिकायत की सुनवाई करते हुए रेलवे के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ऑफिशियल रूप से नगर निगम को डबल फाटक अंडरपास को टेकओवर करने बारे लिखित में दें, जिसके उपरांत नगर निगम द्वारा इस अंडरपास की देखरेख की जाएगी।

हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री श्री कृष्णलाल पंवार ने कलानौर कलां के वार्ड-1 निवासियों की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित कर रेलवे स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज के निर्माण की संभावनाए तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने इस समिति में दो गैर सरकारी सदस्यों रेणु डाबला व रमेश को शामिल किया।

पांच सदस्यीय समिति की रिपोर्ट के आधार पर सरकार को जनहित में आवश्यक कार्रवाई के लिए सिफारिश की जाएगी। उन्होंने स्थानीय मोहल्ला बेरी वाला निवासी रामअवतार की शिकायत की सुनवाई करते हुए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पिल्लर लगाकर शिकायतकर्त्ता की दुकान बनवाने में मदद करें।

उन्होंने एजेंडे में शामिल शिकायतों की सुनवाई के उपरांत अन्य शिकायकर्त्ताओं की शिकायतें भी सुनीं। उन्होंने खेड़ी साध निवासियों की शिकायत के संदर्भ में जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम के इस क्षेत्र में लोगों को पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्थाई रूप से कर्मचारी की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा नाले से बिजली के सभी पोलो को 15 दिन के अंदर शिफ्ट कर दिया जाएगा। उन्होंने ताजा माजरा के सरपंच की शिकायत के संदर्भ में कहा कि ताजा माजरा व गद्दी खेड़ी में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

### गेहूं खरीद के निमयों में ढील दे सरकार, किसानों को सीजन के दौरान आएगी परेशानीः रामपाल माजरा

**कैथल, 27 मार्च।** इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि गेहूं सीजन में प्रदेश की मंडियों में जो नए नियम लागू हुए हैं, इसमें बहुत ज्यादा खामियां हैं। प्रदेश सरकार को इनमें जल्द सुधार करने की जरुरत है। मंडियों में किसान बायोमेट्रिक लगाना, ट्रेक्टर-ट्राली की अनिवार्यता, गेट पास सुबह छह से आठ बजे तक करना और काफी डाटा मिस मैच है।

गेहूं और सरसों बेचने में किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी आएगी, जो किसान बुजुर्ग हो चुके हैं, उनकी बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं लगाने में दिक्कत आएगी। सरकार गेहूं खरीद के जो नियम बनाए हैं जल्द इमें ढील दें, ताकि प्रदेश के किसानों और आढ़तियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। गेहूं खरीद के नियम व्यवहारिक नहीं हैं इन्हें तुरंत बदला जाएग। मंडी में फसल लाने और उठाने करने के लिए खच्चर रेहड़ी, झोटा बुग्गी और ऊंट रेहड़ी का कोई प्रावधान नहीं रखा गया है यह भी होना चाहिए।

बुजुर्ग किसान कैसे लगाएंगे बायोमेट्रिकः कई बुजुर्ग किसानों के उंगलियों के निशान घिस जाने के कारण बायोमेट्रिक मशीन पर मैच नहीं होते। ऐसा मिलान करने में देरी होगी, इससे अव्यवस्था फैलेगी।

## विकास कार्यों में देरी और लापरवाही स्वीकार नहीं: सांसद जिंदल

पंचकूला ऑब्जर्वर



**कैथल, 27 मार्च।** लघु सचिवालय में सांसद नवीन जिंदल की अध्यक्षता में जिला विकास, समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक पहुंच की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस दौरान पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। बैठक में सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। फील्ड में जाकर कार्यों की निगरानी करें और लंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करवाएं। जो भी निर्माण कार्य किया जाए, उसमें गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। विकास कार्यों में देरी और लापरवाही किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। सडक़ों की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए सांसद ने कहा कि कैथल-चीका रोड सहित कई प्रमुख मार्गों की हालत अत्यंत खराब है, जिससे जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक के दौरान पूंडरी से पाई, ढांड से कुरूक्षेत्र, फ्रांसवाला रोड, कैथल से सिसला धाम, तितरम मोड से चौ. छोटू राम चौक, डंडोता से बाउपुर सहित अन्य सडक़ों की खराब हालत?को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द सभी गड्ढों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। अगर कोई सडक़ नई बनाई जानी है तो जल्द से जल्द उनके टेंडर लगाकर उन्हें बनाया जाए। सांसद ने चीका स्टेडियम के निर्माण कार्य को 31 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही क्योडक़ में बन रहे लुवास के रीजनल सेंटर, राजौंद में सडक़ एवं एसटीपी प्लांट के निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। जिंदल ने कहा कि सडक़ों के निर्माण में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाना चाहिए।

बाढ़ सुरक्षा कार्यो की समीक्षा करते हुए सांसद नवीन जिंदल ने घग्गर नदी सहित अन्य नहरों एवं ड्रेनों की समय रहते डिसिल्टिंग एवं सफाई के कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। इसके अलावा उन्होंने जिले के स्टेडियमों के कायाकल्प पर भी जोर देते हुए कहा कि इस वर्ष सभी स्टेडियमों को बेहतर सुविधाओं से लैस किया जाए ताकि युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जा सके और वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रह सकें।

### एमएम अस्पताल गेट से 20 मिनट में बाइक गायब

**बराड़ा।** मुलाना क्षेत्र स्थित महर्षि मार्कंडेश्वर अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार से दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी की घटना ने स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। भीड़भाड़ वाले इस संस्थान के बाहर महज कुछ मिनटों के भीतर वाहन का गायब हो जाना निगरानी तंत्र की प्रभावशीलता पर संदेह पैदा करता है। एफ आई आर के अनुसार, गांव बिंजलपुर निवासी अमरजीत सिंह की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया है कि 21 मार्च 2026 की शाम उनका दामाद आजाद एक निजी काम से अस्पताल पहुंचा था। उसने करीब 5-30 बजे काले रंग की स्पलेंडर मोटरसाइकिल नंबर एचआर 54 एफ – 5146 अस्पताल के मुख्य गेट के पास खड़ी की और अंदर चला गया। लगभग 20 मिनट बाद लौटने पर वाहन वहां नहीं मिला।घटना ऐसे स्थान पर हुई है, जहां आमतौर पर मरीजों, तीमारदारों और वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है।

## गोली चलाने व मारपीट करने के 3 और आरोपी गिरफ्तार

पंचकूला ऑब्जर्वर



**लाडवा, 27 मार्च।** पुलिस ने गोली चलाने व मारपीट करने के मामले में 3 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा की टीम ने गोली चलाने व मारपीट करने के मामले में सावेज, सिमरत उर्फ रोड़ा व तुषार उर्फ बामण निवासीय कस्बा लाडवा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में शिव मोहल्ला लाडवा निवासी लड़की ने बताया की वह चार बहन और दो भाई है। 18 मार्च की सायं को वह अपने घर मौजूद थे और आपस में बातचीत कर रहे थे। उसी समय उनका पड़ोसी आदित्य राणा आया और उनको गलियां देने लगा और उसके भाई के साथ मारपीट करके चला गया। उसके बाद करीब 11-15 बजे दोबारा आदित्य राणा और तुषार पंडित 7/8 लडकों के साथ उनके घर पर आए और उसके भाई और मौसा के साथ मारपीट करके चले गए। वह अपने घर के दरवाजे बंद करके सो गए। रात के समय करीब 2 बजे आदित्य राणा और तुषार अन्य 7/8 लडकों के साथ कार में आए और उनके घर के बाहर फायरिंग करके तथा जान से मारने के धमकी देकर मौके से चले गए, जिसकी शिकायत पर थाना लाडवा मे मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा को दी गई।

24 मार्च को अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा की टीम ने मामले में दो नाबालिग आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर गिरफ्तार कर लिया था। आरोपियों से वारदात में प्रयोग कार बरामद की गई थी। आरोपियों को अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से दोनों नाबालिगों को बालसुधार गृह मधुबन भेजा गया था। 26 मार्च को अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा प्रभारी निरीक्षक विक्रांत सिंह के मार्गनिर्देश मे उप निरीक्षक बीरबल, सहायक उप निरीक्षक महाबीर सिंह, प्रवीन कुमार, मुख्य सिपाही रिंकू व सिपाही सुमित कुमार की टीम ने गोली चलाने व मारपीट करने के मामले में सावेज, सिमरत उर्फ रोड़ा व तुषार उर्फ बामण निवासी लाडवा को गिरफ्तार कर लिया।

# सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में शामिल

- सरकार की विभिन्न योजनाओं से मिल रहा आर्थिक लाभ

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़, 27 मार्च।** हरियाणा में सौर ऊर्जा को प्रोत्साहन देने, कृषि क्षेत्र के उत्थान, आवासीय व इंडस्ट्रियल (कमर्शियल) क्षेत्र को लाभान्वित करने की दिशा में अलग-अलग विभाग और एजेंसियां तेजी से काम कर रही हैं। इनमें डीएनआरई, हरेडा के अलावा उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम हैं।

उत्तर हरियाणा बिजली निगम के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है, जबकि सोलर पंप की इंस्टॉलेशन के मामले में महाराष्ट्र के बाद देश भर में दूसरा स्थान हासिल करने वाला राज्य बना है। हालांकि, हरियाणा में 2026-27 तक 2.2 लाख घरों पर रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने का लक्ष्य तय किया गया है. पीएम-सूर्य घर योजना के तहत अब तक राज्य में 61875 रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए जा चुके है।

प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में किसान, आम व्यक्ति और उद्योगपति हर कोई सौर ऊर्जा के माध्यम से भारी भरकम बिजली बिल की बचत, ग्रिड को अतिरिक्त बिजली यूनिट बेचने और केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे है।

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रवक्ता ने बताया कि केंद्र की पीएम-सूर्य घर योजना के साथ साथ हरियाणा की राज्य सरकार भी अतिरिक्त सब्सिडी के अंतर्गत अंत्योदय परिवारों और विशिष्ट श्रेणियों को अतिरिक्त धनराशि का लाभ दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा प्रोत्साहन योजना भी लाई गई है जिसके तहत आवासीय उपभोक्ताओं को मुख्य रूप से तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। नतीजतन बिजली बिल में 90 प्रतिशत तक की कमी और 25 साल तक मुफ्त बिजली मिलती है।

उन्होंने बताया कि पीएम सूर्य घर के अंतर्गत मुफ्त बिजली योजना के तहत केंद्र सरकार अधिकतम 78 हजार रूपये तक का लाभ प्रदान कर रही है। एक किलोवाट तक तक 30 हजार प्रति किलोवाट, 2 किलोवाट तक 60 हजार रुपए जिसमें कुल सब्सिडी 30 हजार प्रति किलोवॉट है जबकि 3 किलो वाट या उससे अधिक के लिए 78 हजार रूपये की अधिकतम सब्सिडी निर्धारित है।

प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा राज्य सरकार की अतिरिक्त सब्सिडी के अंतर्गत अंत्योदय परिवारों और विशिष्ट श्रेणियों को अतिरिक्त धनराशि का लाभ दिया जा रहा है। अंत्योदय परिवार जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख से कम आय है उन्हें केंद्र की सब्सिडी के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा 25 हजार प्रति किलोवाट या कुल लागत का 40 प्रतिशत, जो भी कम हो की अतिरिक्त सहायता 2 किलोवाट तक दी जाती है। जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए से 3 लाख रुपए है उन्हें 10 हजार प्रति किलोवाट या कुल लागत का 40 प्रतिशत जो भी कम हो, अतिरिक्त सहायता 2 किलोवाट तक दी जाती है। नतीजतन, संयुक्त रूप से सब्सिडी के रूप में केंद्र और राज्य की मिलाकर कुल सब्सिडी 1.10 लाख रुपए तक भी मिल सकती है।

### कर्मचारियों के लिए भी सौर ऊर्जा प्रोत्साहन योजना

एक गैर-डिफॉल्टर श्रेणी उपभोक्ता है जिन्होंने 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2025 तक अपने सभी बिजली बिलों का समय पर या नियत तिथि से पहले का भुगतान किया है। श्रेणी दो में निगम, बोर्ड, कॉर्पोरेशन के राज्य सरकार के वे कर्मचारी शामिल हैं। इनमें एचकेआरएन के कर्मचारी जिनकी नौकरी सुरक्षित है और जिनका कोई बिजली बिल बकाया नहीं है। इस श्रेणी के लिए एचआरएमएस, एचकेआरएन आईडी के साथ उपभोक्ता खाता संख्या का प्रविष्टि करना अनिवार्य है। प्रवक्ता ने बताया कि श्रेणी एक और दो के लिए वित्तीय सहायता ब्याज-मुक्त वित्तीय सहायता 19,500 रुपये प्रति किलोवाट तथा अधिकतम सहायता राशि 97,500 रुपये केवल 5 किलोवाट प्रति क्षमता तक दी जाएगी। सहायता राशि को बिजली बिलों के माध्यम से 24 मासिक या 12 द्वि-मासिक किश्तों में बिना किसी ब्याज के वसूल किया जाएगा।

### गैर-डिफॉल्टर अंत्योदय उपभोक्ताओं के लिए आर्थिक सहायता

अन्य वित्तीय सहायता के अलावा अन्त्योदय परिवारों के लिए पहले से चल रही राज्य वित्तीय सहायता को और अधिक सरल एवं आकर्षक बनाया गया है। जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है, ऐसे अंत्योदय उपभोक्ता का कोई बिजली बिल बकाया नहीं है और उनकी वार्षिक खपत 2400 यूनिट से कम है वे 2 किलोवाट तक की क्षमता का रुफटोफ सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए 25000 रूपये या वास्तविक लागत का 40 प्रतिशत जो भी कम हो, राज्य वित्तीय सहायता के लिए पात्र हैं। प्रवक्ता ने बताया कि जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख से 3 लाख रुपये तक है, गैर-डि?ॉल्टर अंत्योदय उपभोक्ता जो राज्य की वितीय सहायता के पात्र हैं। वे रुफटोफ सोलर प्लांट 2 किलोवाट क्षमता तक स्थापित करवाने तथा 10,000 रुपये प्रति किलोवाट तक राज्य वित्तीय सहायता का लाभ ले सकते हैं। अतिरिक्त वित्तीय सहायता 9,500 रुपए प्रति किलोवाट जो अधिकतम 2 किलोवाट क्षमता तक रुफटोफ सोलर प्लांट सीमित होगी। जिसकी बिजली बिलों के माध्यम से 24 मासिक या 12 द्वि-मासिक किश्तों में बिना किसी ब्याज के वसूल किया जाएगा।



# मेरे और श्रुति के बीच कोई खटास नहीं, अदिवी ने बताया कैसे 'डकैत' में मृणाल ने किया एक्ट्रेस को रिप्लेस?

**अदिवी शेष की फिल्म 'डकैत' इन दिनों चर्चा में है। हालांकि, फिल्म जितनी अपनी कहानी को लेकर सुर्खियों में है, उससे ज्यादा इसकी कास्टिंग में आए बदलाव को लेकर भी चर्चा बनी हुई है। शुरुआत में इस फिल्म का हिस्सा रहीं श्रुति हासन बीच में ही बाहर हो गईं, जिसके बाद मृणाल ठाकुर की एंट्री हुई। अब इस पूरे मामले पर अदिवी शेष ने खुलकर बात की है।**

### श्रुति ने क्यों छोड़ी फिल्म

श्रुति हासन के फिल्म छोड़ने पर अदिवी शेष कहते हैं, 'सच कहूं तो यह काम करने के तरीके का फर्क था। हर एक्टर का अपना वर्किंग स्टाइल होता है और कभी कभी वह आपस में मैच नहीं करता। अगर क्लैश हो जाए तो काम करने में मजा नहीं आता और उसका असर फिल्म के फाइनल आउटपुट पर भी दिख सकता है।'

### श्रुति के पास तब कई बड़ी फिल्में थीं

वह आगे बताते हैं, 'मेरा शूटिंग स्टाइल थोड़ा स्लो है। मैं जल्दी जल्दी शूट नहीं करता, बल्कि समय लेकर काम करना पसंद करता हूं। वहीं श्रुति के पास उस वक्त बड़ी फिल्मों की डेट्स थीं, जिनमें रजनीकांत सर की फिल्म भी शामिल थी। ऐसे में उनके लिए हमारी फिल्म को उतना समय देना मुश्किल हो रहा था। मुझे लगा कि मैं उन्हें ज्यादा परेशानी में डाल रहा हूं और अगर मैं अपने वर्किंग पैटर्न में बदलाव करता तो फिल्म पर असर पड़ता। इसलिए हमने आपसी समझ से अलग होने का फैसला लिया। सब कुछ अच्छे नोट पर हुआ, कोई विवाद नहीं था। मैं उन्हें हमेशा बेस्ट विश करता हूं।'

### एक्ट्रेस के जाने से डर नहीं लगता, काम पर भरोसा है

एक्ट्रेस के अचानक बाहर होने पर अदिवी शेष कहते हैं, 'मैं इस मामले में ज्यादा घबराता नहीं हूं। मेरे लिए फिल्म से ज्यादा अहम वह कला है जिसके पीछे हम काम कर रहे हैं। अगर हम ईमानदारी से मेहनत करें और अपने काम के साथ न्याय करें, तो बाकी चीजें अपने आप संभल जाती हैं।'

मृणाल ठाकुर की एंट्री पर अदिवी शेष बताते हैं, 'श्रुति के जाने के बाद हमने मृणाल को फिल्म सुनाई। सुबह 10 बजे हमने उन्हें पिच किया और दोपहर 1 बजे तक उन्होंने हाँ कह दी। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। आमतौर पर जवाब आने में हफ्ते या महीने लग जाते हैं, लेकिन उन्होंने तुरंत दिल से कहा कि उन्हें फिल्म बहुत पसंद आई।' वह कहते हैं, 'मृणाल बहुत खूबसूरत, टैलेंटेड और बेहद डाउन टू अर्थ हैं। उनसे बात करना बहुत आसान है, वो बहुत स्वीट हैं। मैं कहूंगा कि फिल्म में वो इसकी सोल हैं, जबकि मैं गुस्सा और फ्यूरी वाला हिस्सा हूं।'

## अनुराग कश्यप के साथ बेहतरीन रहा अनुभव

अनुराग कश्यप के साथ काम करने के अनुभव पर अदिवी शेष कहते हैं, 'हमें एक बहुत अच्छा एक्टर और शानदार क्राफ्ट्समैन मिला। साथ ही ऐसा लगा जैसे इंडिया के बेस्ट डायलॉग राइटर हमें बोनस में मिल गए। उनकी हिंदी बहुत अच्छी है और उन्होंने जिस सादगी के साथ काम किया, वो कमाल का था। जब हम स्क्रीन पर उन्हें देखते हैं तो वो काफी सख्त और रिबेल लगते हैं, लेकिन असल जिंदगी में वो बहुत ही सिंपल इंसान हैं। जब मैं पहली बार उनके घर गया और कहानी डिस्कस की, तो मैं सरप्राइज हो गया।'





## क्या मोहित सूरी की अगली फिल्म में होंगे रणबीर कपूर? निर्देशक ने दिया जवाब

पिछले काफी दिनों से ऐसी खबरें चल रही हैं कि रणबीर कपूर 'सैयारा' फेम निर्देशक मोहित सूरी की अगली फिल्म में नजर आएंगे। अब खुद मोहित सूरी ने इन खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि रणबीर उनकी अगली फिल्म का हिस्सा होंगे या नहीं।

### रणबीर के साथ काम करना चाहते हैं मोहित सूरी

वैरायटी इंडिया के साथ बातचीत के दौरान मोहित सूरी ने रणबीर कपूर की तारीफ करते हुए उन्हें एक महान स्टार बताया। इसी दौरान मोहित ने ये भी स्पष्ट किया रणबीर कपूर उनकी अगली फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि रणबीर कपूर मेरी अगली फिल्म में नहीं हैं मैं सचमुच उनके साथ काम करना चाहता हूं और मुझे उम्मीद है कि वह भी मेरे बारे में ऐसा ही सोचते हैं। मैं उनसे मिलने गया था और साथ में काम करने का इरादा रखता हूं। इस बीच खबरें आ रही हैं कि हम पहले से ही एक फिल्म साथ में कर रहे हैं। रणबीर और मैं एक दूसरे को जानते हैं क्योंकि वह मेरे करियर की शुरुआत से ही मुझे फॉलो कर रहे हैं। काश मेरी फिल्म के हीरो होते रणबीर निर्देशक ने आगे रणबीर की तारीफ करते हुए कहा कि वह उन गिने-चुने अभिनेताओं में से एक हैं और इतने बड़े स्टार हैं, जो 'आवारापन' जैसी फिल्म की सराहना करते हैं। भले ही वह रिलीज के समय फ्लॉप हो गई थी। वह मुझे अक्सर कहते हैं कि यह मेरी बेहतरीन फिल्मों में से एक है। आमतौर पर अभिनेता आपसे आपकी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म के बारे में बात करते हैं और कहते हैं कि वही आपकी सबसे अच्छी फिल्म है। जबकि रणबीर मेरी एक फ्लॉप फिल्म के बारे में बात कर रहे हैं। रणबीर में वो सब खूबियां हैं जो मैं अपनी फिल्म के हीरो में चाहता हूं। उनमें वो गहराई और बारीकियां हैं जो मेरी तरह की फिल्मों के लिए जरूरी हैं। फिलहाल मेरी फिल्म में रणबीर कपूर नहीं हैं। काश होते।

रणबीर कपूर की आगामी फिल्मों की बात करें तो उनकी पाइपलाइन में 'रामायण' और 'लव एंड वॉर' जैसी दो बड़े बजट की फिल्में हैं। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगी। इस फिल्म में रणबीर भगवान राम के किरदार में नजर आएंगे। जबकि साई पल्लवी सीता, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में दिखाई देंगे।



# आसान नहीं था टीवी से बॉलीवुड का सफर

एक्टिंग इंडस्ट्री में हर कलाकार की जर्नी अलग होती है। कुछ लोग फिल्मों के जरिए पहला कदम रखते हैं तो कुछ टीवी से अपने करियर की शुरुआत करते हैं, लेकिन एक प्लेटफॉर्म में पहचान बनाकर दूसरे प्लेटफॉर्म में पैर जमाना आसान नहीं होता। अभिनेत्री उल्का गुप्ता के लिए भी टीवी से फिल्मों में कदम रखना चुनौती भरा अनुभव रहा है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टीवी से की थी और धीरे-धीरे फिल्मों में पहचान बनाने लगी। उल्का गुप्ता ने इंटरव्यू में अपने करियर के अब तक के सफर को याद किया। उल्का गुप्ता ने कहा, ''टीवी से फिल्म इंडस्ट्री तक का सफर तय करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैंने कई सालों तक छोटे पर्दे पर काम किया है और अभिनय की बारीकियां सीखी हैं, लेकिन जब फिल्मों में आने की बारी आई तो मुझे कई ऑडिशन्स से गुजरना पड़ा और खुद को साबित करना पड़ा। आज मैं जहां खड़ी हूं, वहां तक पहुंचने के पीछे कड़ी मेहनत है।''

बता दें कि उल्का गुप्ता ने अपने करियर की शुरुआत लोकप्रिय टीवी शो 'झांसी की रानी' से की थी। इस शो में उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के बचपन के किरदार 'मणिकर्णिका' की भूमिका निभाई थी। इस किरदार ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो को लेकर उन्होंने कहा, ''इस शो ने मेरे करियर को एक मजबूत नींव दी है और मेरी एक बेहतर कलाकार बनने में मदद की है।''

उन्होंने अपना फिल्मी सफर 'सिम्बा' से शुरू किया था, जिसमें उन्होंने एक्टर रणवीर सिंह की बहन का रोल निभाया था। 'केरल स्टोरी 2' फिल्म में उन्होंने 'सुरेखा' का किरदार निभाया। इसे लेकर उन्होंने कहा, ''फिल्में समाज का आईना होती हैं। समाज में जो कुछ भी घटित होता है, वही फिल्मों के जरिए दिखाया जाता है। फिल्में समाज की सच्चाई को सामने लाती हैं और कई बार समस्या का हल भी दिखाने की कोशिश करती हैं।''

## राम चरण और जान्हवी कपूर के साथ मृणाल ठाकुर का होगा कैमियो

राम चरण और जान्हवी कपूर अपनी आगामी फिल्म 'पेद्दी' को लेकर सुर्खियों में हैं। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित इस स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा में एक खास डांस नंबर होगा। जिसमें यह अभिनेत्री जान्हवी और राम के साथ कैमियो भूमिका में नजर आएंगी।

### 'पेद्दी' में होगा डांस नंबर

राम चरण और जान्हवी कपूर अपनी नई फिल्म 'पेद्दी' को लेकर काफी चर्चा में हैं। इस फिल्म में एक खास डांस गाना होगा। गुल्टे की रिपोर्ट के मुताबिक, 'सीता रामम' फेम मृणाल ठाकुर राम चरण और जान्हवी कपूर के साथ एक स्पेशल डांस नंबर में दिख सकती हैं। हालांकि, फिल्म मेकर्स ने इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। 'पेद्दी' एक स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसकी कहानी गांव में होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट के इर्द-गिर्द घूमती है। राम चरण हीरो हैं, जबकि जान्हवी कपूर उनके साथ मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में शिव राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा, जगपति बाबू, बोमन ईरानी जैसे कलाकार भी हैं। इसके निर्देशक बुची बाबू सना हैं। 'पेद्दी' का म्यूजिक एआर रहमान ने दिया है।

### कब रिलीज होगी 'पेद्दी'

हाल ही में 'पेद्दी' का 'राय राय रा रा' नाम का दूसरा सिंगल रिलीज हुआ, जिसमें राम चरण के शानदार डांस मूव्स हैं। एआर रहमान ने इसे तेलुगु और तमिल दोनों में गाया है। 'पेद्दी' का एक्शन टीजर जल्द आने वाला है। हो सकता है कि 27 मार्च 2026 को राम चरण के जन्मदिन पर इसका खास टीजर रिलीज हो। फिल्म 'पेद्दी' 30 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी सान्या मल्होत्रा की 'सुंदर पूनम'

फिल्म 'सुंदर पूनम' के फर्स्ट लुक में सान्या मल्होत्रा दुल्हन के जोड़े में नजर आईं। फर्स्ट लुक देखकर लगता है कि वह कोई आम दुल्हन नहीं है, उनके किरदार में कई परतें हैं। फर्स्ट लुक से लगता है कि फिल्म 'सुंदर पूनम' अपने स्टोरी से दर्शकों को चौंका देगी, इसमें थ्रिलर, सस्पेंस की डोज मिलेगी।

### फिल्म के फर्स्ट लुक में क्या खास दिखा?

'सुंदर पूनम' के फर्स्ट लुक में सान्या मल्होत्रा दुल्हन बन है, उसका फोन लगातार बज रहा है। जिसमें सुंदर और राजू नाम के नंबर से फोन आ रहा है। आखिर में दुल्हन मुस्कुराती है। पीछे से एक खबर सुनाई देती है कि एक शादी-शुदा जोड़ा कश्मीर में गायब हो गया।

### जुनूनी प्यार और उलझा देने वाली कहानी दिखेगी

इस फिल्म में एक नया शादी-शुदा जोड़ा कश्मीर हनीमून पर जाता है। हनीमून के दौरान यह जोड़ा अचानक लापता हो जाता है। इसके साथ ही दुल्हन पूनम से जुड़ा एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सच सामने आता है। इसमें उसकी जुनून भरी प्रेम कहानी है और उलझा हुआ अतीत है, जो दर्शकों को चौंकाने के लिए काफी है।

### इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी ये फिल्म

फिल्म 'सुंदर पूनम' में सान्या मल्होत्रा के अलावा आदित्य रावल और विक्रम मल्होत्रा भी नजर आएंगे। फिल्म को पुलकित ने निर्देशित किया है। यह प्राइम वीडियो पर जल्द ही रिलीज होगी।





## नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शुरू की तुम्बाड 2 की शूटिंग

### सोहम शाह के साथ आए नजर

सोशल मीडिया पर नवाजुद्दीन सिद्दीकी, निर्माता और अभिनेता सोहम शाह को मुंबई की एक खास जगह पर साथ देखा गया। दोनों अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग के लिए साथ आए है। यह एक हॉरर फिल्म है, जिसे लेकर नवाजुद्दीन सिद्दीकी के फैंस काफी एक्साइटेड हैं। जानिए, फिल्म में नवाजुद्दीन किस तरह का किरदार करेंगे और कहां पर इसकी शूटिंग हो रही है।



### मड आइलैंड में नजर आए नवाजुद्दीन और सोहम

सोमवार को नवाजुद्दीन सिद्दीकी, निर्माता और अभिनेता सोहम शाह को मुंबई के मड आइलैंड में देखा गया। इस दौरान अपने फिल्म क्रू के साथ दिखाई दिए। सोहम शाह, नवाजुद्दीन सिद्दीकी से बातचीत करते थे। यह दोनों फिल्म 'तुम्बाड 2' की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। बता दें कि 2018 में रिलीज हुई हॉरर, थ्रिलर फिल्म 'तुम्बाड़' का यह सीक्वल है।

'तुम्बाड 2' का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। अब इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। नवाजुद्दीन के किरदार की जहां तक बात है तो उनके किरदार का नाम पांडुरंग होगा। फिल्म भी इमोशनल और साइकोलॉजिकल है। इसमें नवाज के किरदार में कई परतें होंगी। कहानी को लेकर भी मेकर्स का कहना है कि यह पिछली फिल्म से ज्यादा डरावनी होगी। 'तुम्बाड' की बात करें तो साल 2018 में रिलीज हुई इस डार्क फैंटेसी-हॉरर फिल्म में लालच के दुष्परिणामों को दिखाया गया था। फिल्म की कहानी 20वीं सदी की शुरुआत के एक छोटे से गांव तुम्बाड में सेट है। इसमें मुख्य भूमिका में विनायक राव और 'हस्तर' नाम का एक श्रापित देवता है। फिल्म काफी डरावनी थी और दर्शकों को काफी पसंद आई थी।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com